आज

प्रयागराज, शनिवार २४ अक्तूबर, २०२६

पेड़ों से लटकता मिला युवकों का शव, परिवार में मचा कोहराम

दो अलग-अलग स्थानों पर हुई घटना

लालगंज/पट्टी, प्रतापगढ़। जिले में शुक्रवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो युवकों का शव पेड़ से लटकता मिला। घटनाओं की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जेठवारा थाना क्षेत्र के हैदरपुर निवासी रोशन वनवासी (३०) पुत्र पृथ्वीपाल उर्फ लल्लू का शव शुक्रवार सुबह लीलापुर थाना क्षेत्र के सराय लोहंगराय गांव स्थित बाग में पेड़ की डाल से लटकता मिला। ग्रामीणों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। एसओ वरीज कसेरा ने बताया कि घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गयी है। तहरीर मिलने पर उचित कारवाई की जायेगी।

उधर, आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र में घर से करीब सौ मीटर दूर जंगलनुमा स्थान पर मनमोहन यादव (२७) पुत्र रामसेवक यादव का शव चिलबिल के पेड़ से लटकता मिला। परिजनों के अनुसार मनमोहन शुक्रवार सुबह करीब चार बजे घर से लापता हो गया था। परिवार के लोग उसकी तलाश कर रहे थे। दोपहर करीब एक बजे ग्रामीणों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। बताया गया कि मनमोहन मानसिक रूप से अस्वस्थ था। उसके दो बेटे हैं। पति की मौत से पत्नी शिल्पा का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपुर देवसरा थानाध्यक्ष राकेश चौरसिया ने बताया कि पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ई-रिक्शा चालक पर जानलेवा हमला, घसीटा

प्रतापगढ़। नगर कोतवाली के महुआर कादीपुर निवासी उपेंद्र तिवारी ई रिक्शा चलाता है। वह २१ अक्तूबर की रात घर जा रहा था। आरोप है कि रूदापुर में रिश्तेदार के घर रहने वाला लीलापुर फुलपुर शमशेरगंज निवासी रोहित तिवारी ने उसे रोककर मारापीटा। ई-रिक्शा से खींचकर सड़क पर घसीटा। इस दौरान वह बेहोश हो गया। हास्पिटल में भी वह बार-बार बेहोश हो जा रहा है। मामले में घायल के भाई दीपक तिवारी ने रोहित तिवारी के खिलाफ जानलेवा चोटें पहुंचाने का केस दर्ज कराया है।



सदर ब्लाक में मतदाताओं से मतदान की जानकारी लेते डीएम अभिषेक पाण्डेय।

छूटे मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए आज लगेगा विशेष कैंप

प्रतापगढ़। मतदाता सूची को अधिक समावेशी और त्रुटिरहित बनाने के लिए निरंतर पुनरीक्षण-२०२६ के तहत २४ अक्टूबर को जिले के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष कैंप लगाया जायेगा। इसमें छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करने के लिए आवेदन लिए जाएंगे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेमचंद मौर्य ने बताया कि मतदाता सूची में सुधार के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत ईपी रेशियो और जेंडर रेशियो में सुधार के साथ पात्र युवाओं, पहली बार मतदाता बनने वाले नागरिकों और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित लोगों को शामिल करने की कारवाई की जायेगी। अभियान के दौरान बेघर मतदाताओं, दिव्यांगजनों और महिला मतदाताओं के नाम जोड़ने पर भी विशेष ध्यान दिया जायेगा। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ना और सूची में मौजूद त्रुटियों को दूर करना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि २४ अक्टूबर को जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदेय स्थलों पर सुबह १० बजे से शाम चार बजे तक उपस्थित रहेंगे। पात्र नागरिक कैंप में पहुंचकर मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आनलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध है।

सुबह १० से शाम चार बजे तक बूथों पर मौजूद रहेंगे बीएलओ, आनलाइन आवेदन की भी सुविधा

स्नातक-शिक्षक निर्वाचन शांतिपूर्ण सम्पन्न, ३९.२६ प्रतिशत मतदान

स्नातक में ३४.६० और शिक्षक निर्वाचन में ५३.१७ प्रतिशत पड़े वोट

डीएम-एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-२०२६ के तहत शुक्रवार को प्रतापगढ़ में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिले के सभी ४८ मतदेय स्थलों पर मतदान कराया गया। स्नातक निर्वाचन में ३४.६० प्रतिशत और शिक्षक निर्वाचन में ५३.१७ प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में कुल ३९.२६ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

जिले में स्नातक निर्वाचन के लिए २९,५१५ मतदाता पंजीकृत थे। इनमें १९,७६१ पुरुष और ९,७५४ महिला मतदाता शामिल थे। वहीं, शिक्षक निर्वाचन में ९,८७७ मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें ७,०२८ पुरुष और २,८४९ महिलाएं थीं। इस प्रकार दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में कुल ३९,३९२ मतदाता पंजीकृत थे। मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर सुबह से ही भ्रमणशील रहे। अधिकारियों ने विकास खंड सदर, राजकीय इंटर कालेज प्रतापगढ़, तहसील सदर और विकास खंड लालगंज के अंतर्गत स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक प्रबंधों का जायजा लिया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतदान संपन्न कराने के निर्देश दिए। जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी की। सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस एवं प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। मतदान केंद्रों पर राजनीतिक दलों के एजेंट भी मौजूद रहे। प्रशासन की सतत निगरानी और समुचित व्यवस्थाओं के बीच जिले में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गयी।

साइबर ठगी के छः पीड़ितों को वापस मिले ५३,७७५ रुपये

पुलिस की साइबर सेल ने एमआरएम पोर्टल के माध्यम से करायी धनराशि वापस

प्रतापगढ़। साइबर ठगी के शिकार छह लोगों को प्रतापगढ़ पुलिस ने राहत दिलाई है। पुलिस की साइबर सेल ने पीड़ितों की कुल ५३,७७५.९७ रुपये की धनराशि उनके बैंक खातों में वापस करा दी। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन और साइबर अपराध के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के पर्यवेक्षण में साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एनसीआरपी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की जांच के बाद जनपदीय साइबर सेल प्रतापगढ़, थाना रानीगंज, आसपुर देवसरा और देल्हूपुर की साइबर सेल ने संयुक्त प्रयास से पीड़ितों की धनराशि वापस कराई। पुलिस ने बताया कि एमआरएम पोर्टल के माध्यम से छह शिकायतकर्ताओं के खातों में सफलतापूर्वक रकम वापस पहुंचाई गयी है। प्रतापगढ़ पुलिस ने आमजन से अपील की है कि साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर १९३० पर काल कर शिकायत दर्ज कराएं। समय से शिकायत करने पर ठगी की रकम वापस मिलने की संभावना बढ़ सकती है।



आसपुर देवसरा में घटना की जांच पड़ताल करती पुलिस।

पूर्व प्रधान की तालाब में डूबने से मौत, परिवार में मचा कोहराम

पैर फिसलने से हुआ हादसा

बाबागंज, प्रतापगढ़। तालाब में डूबने से शुक्रवार को पूर्व प्रधान की मौत हो गयी। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव को तालाब से निकालकर घर ले गये। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गयी।

संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के शुक्लन का पुरवा भरतगढ़ गांव निवासी ७५ वर्षीय सुखराम यादव पूर्व प्रधान थे। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे वह घर से शौच के लिए निकले थे। गांव के बाहर स्थित तालाब के पास पहुंचने पर अचानक उनका पैर फिसल गया और वह पानी में गिरकर डूबने लगे। ग्रामीणों के अनुसार, घटना के समय आसपास कोई मौजूद नहीं था। उम्र अधिक होने के कारण सुखराम यादव तालाब से बाहर नहीं निकल सके और पानी में डूबने से उनकी मौत हो गयी। कुछ देर बाद घटना की जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने तालाब से शव बाहर निकाला और घर लेकर चले गये। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गयी। गांव में भी शोक का माहौल रहा। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी। इस संबंध में संग्रामगढ़ थाना प्रभारी सिद्धार्थ सिंह ने ऐसी किसी घटना की जानकारी होने से इनकार किया है।

कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

पट्टी, प्रतापगढ़। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के देवसरा बाजार में कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का जौनपुर स्थित अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

आसपुर देवसरा निवासी संतोष सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि १९ अक्टूबर को उनके भाई तेजबहादुर सिंह मोटरसाइकिल से देवसरा बाजार जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति और लापरवाही से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तेजबहादुर गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें जौनपुर स्थित विद्या हड्डी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष राकेश चौरसिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कारवाई की जा रही है।

वाहन वापस न करने पर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। किराये पर चलाने के लिए दिये गये वाहन को वापस न करने एवं मारपीट पर आमदा होने को लेकर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना क्षेत्र के अलावल पूरे बरियार गांव निवासी राजपत सिंह पुत्र विन्देश्वरी सिंह ने बीती बाईस अक्टूबर को कहा है कि वह राजपत सिंह इण्टर कालेज का प्रबंधक है। पीड़ित का अरोप है कि उसने कोरोना काल में अपने स्कूली बस के संचालन को लेकर मंगापुर निवासी ललित उपाध्याय पुत्र ओमप्रकाश को किराये पर दिया था। लेकिन अब वो बस वापस नहीं कर रहा है और झगड़ा करने पर आमदा है। उदयपुर प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

तोड़फोड़ एवं धमकी का केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। तोड़फोड़ एवं धमकी को लेकर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के अलावल पूरे बरियार गांव निवासी राजेश कुमार पुत्र राजपत सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि रंजिश में गांव का अतुल सिंह पुत्र मनोज कुमार सिंह ने गाली देते हुये उसके बरामदे में रखी कुर्सी मेज में तोड़फोड़ की एवं जानलेवा धमकी दी।

तालाब की जमीन पर अतिक्रमण पर केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने तालाब एवं ऊसर खाते की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। तहसील लालगंज क्षेत्र के प्रतापरूद्रपुर क्षेत्र के लेखपाल धीरज यादव ने बीती इक्कीस अक्टूबर को पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि प्रतापरूद्रपुर क्षेत्र के चोपसिंह पूरे बक्तावर निवासी रामकिशोर पुत्र लोधई द्वारा तालाब एवं ऊसर खाते की जमीन पर अवैध कब्जा करके फसल लगा दी जाती है। तीन बार बोई गयी फसल को जोतवाकर नष्ट कराया जा चुका है। लेकिन आरोपित द्वारा तालाब की भूमि पर धान के फसल लगाकर फिर अतिक्रमण कर लिया गया है।

आरोपित के परिजनों द्वारा अतिक्रमण स्थल पहुंचने पर अभद्रता भी की जाती है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि आरोपित के खिलाफ लोक सम्पत्ति निर्वारण अधिनियम की धारा अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है।

तालाब में डूबने से भैंस और सांड़ की मौत

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के संग्रामपुर ग्राम पंचायत में प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित तालाब मवेशियों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। गुरुवार को तालाब में डूबने से भैंस और सांड की मौत हो गयी। घटना से ग्रामीणों में चिंता है। बताया गया कि गांव निवासी छेदीलाल यादव की भैंस नहाने के लिए तालाब में घुसी थी।

इसी दौरान एक घूमंतू सांड भी तालाब में पहुंच गया। दोनों मवेशी गहरे पानी में फंस गये। ग्रामीणों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम और पुलिस भी मौके पर पहुंची, मगर दोनों मवेशियों की जान नहीं बचायी जा सकी। ग्रामीणों के अनुसार, अब तक इस तालाब में आधा दर्जन से अधिक मवेशियों की मौत हो चुकी है।

चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने के लिए प्रतापगढ़ की टीम रवाना

प्रतापगढ़। जनपद मैनपुरी में २४ और २५ अक्तूबर को राज्य स्तरीय शूटिंग बाल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में हिस्सा लेने प्रतापगढ़ की टीम शुक्रवार को रवाना हुई।

स्पेशल सहित कई ट्रेनें देरी से जंक्शन पहुंची

प्रतापगढ़। मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन पर शुक्रवार को कई ट्रेनें विलंब से पहुंची। रेलवे की वेबसाइट के अनुसार, शुक्रवार को चंडीगढ़ से वाराणसी जाने वाली स्पेशल ट्रेन पांच घंटे, नई दिल्ली से वाराणसी जाने वाली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस १ घंटे २४ मिनट, दानापुर से आनंद विहार जाने वाली जन साधारण एक्सप्रेस २ घंटे २४ मिनट, चित्रकूटकर्वी धाम से जंक्शन पर आने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस १६ मिनट, मुंबई एलटीटी से छपरा को जाने वाली अंत्योदय सुपरफास्ट १३ मिनट,बस्ती से प्रयागराज संगम को जाने वाली मनवर संगम एक्सप्रेस १ घंटे ७ मिनट, आनंद विहार से पुरी को जाने वाली नीलांचल एक्सप्रेस ४८ मिनट विलंब से जंक्शन पहुंची। इससे यात्रियों को काफी परशानी उठानी पड़ी।

घर के सामने खेल रही छात्रा की ट्रैक्टर-ट्राली से कुचलकर मौत

ग्रामीणों ने चालक को ट्रैक्टर सहित पकड़ा, पुलिस को सौंपा

बाबागंज, प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के अहलादगंज मजरे रायगढ़ गांव में शुक्रवार दोपहर घर के सामने सड़क पर खेल रही दस वर्षीय छात्रा की बालू लदे ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से मौत हो गयी। हादसे के बाद ग्रामीणों ने चालक को ट्रैक्टर सहित पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। बच्ची की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। गांव निवासी दूधनाथ सरोज की बेटी अंशी सरोज गांव के शाहदा हबीबी इंटर कालेज में कक्षा तीन की छात्रा थी। शुक्रवार दोपहर करीब १२ बजे वह घर के सामने खेल रही थी। इसी दौरान बालू लदा अनियंत्रित ट्रैक्टर वहां से गुजरा और बच्ची उसकी चपेट में आ गयी। गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशगंज ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उधर, भागने का प्रयास कर रहे चालक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक और ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ट्रैक्टर को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया गया है। अंशी चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर थी। बेटी की मौत से मां निर्मला देवी, पिता दूधनाथ और भाई-बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



रायगढ़ में मृतक बालिका के बिखलते परिजन।

स्कूल गयी किशोरी लापता अपहरण का केस दर्ज

सहेली से पूछताछ में युवक पर भगाने का आरोप पुलिस तलाश में जुटी

प्रतापगढ़। अंतू थाना क्षेत्र के किठावर बाजार के पास स्थित एक गांव की १५ वर्षीय किशोरी के लापता होने के मामले में पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। किशोरी कक्षा १० की छात्रा है। परिजनों के अनुसार, वह गुरुवार को स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की तो पता चला कि वह स्कूल पहुंची ही नहीं थी। इसके बाद किशोरी की सहेली से पूछताछ की गयी। सहेली ने बताया कि पश्चिम गांव निवासी एक युवक का दोस्त, जो कोतवाली नगर क्षेत्र का रहने वाला है, किशोरी को भगा ले गया है। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कारवाई की मांग की। अंतू थाना प्रभारी अभिषेक सिंह सिरोही ने बताया कि मामले में अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है। किशोरी की तलाश की जा रही है।

अधेड़ की मौत के बाद परिजनों ने शव रखकर लगाया जाम

आरोपित बाइक सवार की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े परिजन पुलिस के आश्वासन पर माने

प्रतापगढ़। सड़क किनारे घर के सामने खड़े अधेड़ को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल अधेड़ की इलाज के दौरान गुरुवार देर रात मौत हो गयी। शुक्रवार सुबह शव घर पहुंचने पर आक्रोशित परिजनों ने सड़क किनारे शव रखकर जाम लगा दिया। पुलिस के समझाने और आरोपित की गिरफ्तारी के आश्वासन पर करीब दो घंटे बाद जाम समाप्त हुआ। इसके बाद परिजन शव अंतिम संस्कार के लिए ले गए।

बाघराय थाना क्षेत्र के खरगापुर तिवारीपुर गांव निवासी भुल्लर के ५२ वर्षीय बेटे जगरूप का घर सड़क किनारे है। १६ अक्टूबर को वह अपने घर के सामने खड़े थे। इसी दौरान गांव का ही एक युवक तेज रफ्तार से बाइक लेकर पहुंचा और उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में जगरूप गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजन उन्हें सीएचसी ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर स्वरूपरानी अस्पताल, प्रयागराज रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान गुरुवार देर रात उनकी मौत हो गयी। शुक्रवार सुबह शव घर पहुंचा तो परिवार में चीख-पुकार मच गयी। नाराज परिजनों ने शव सड़क किनारे रखकर जाम लगा दिया और आरोपित बाइक सवार की गिरफ्तारी होने तक अंतिम संस्कार नहीं करने की बात कही। सूचना पर थाना प्रभारी श्रवण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझाया और बताया कि आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है। जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन मिलने पर सुबह करीब १० बजे परिजन मान गये और शव अंतिम संस्कार के लिए ले गये। जगरूप की मौत से पत्नी बरनहिन, बेटे मंगलेश, सोनू सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत, चालक फरार

बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

पट्टी, प्रतापगढ़। कंधई थाना क्षेत्र के सरसी खाम गांव के पास गुरुवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से ६८ वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतका के बेटे की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सरसी खाम गांव निवासी चमेला देवी गुरुवार को सरसी खाम-कंधई मार्ग पर पैदल जा रही थीं। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कंधई ले गये। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी।

महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के संबंध में मृतका के बेटे अशोक कुमार ने कंधई थाने में तहरीर दी।

थानाध्यक्ष आदित्य सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। फरार चालक की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मामले की जांच कर आगे की कारवाई की जा रही है।



ठठेरी बाजार में कला का प्रदर्शन करती झांकी।

भरत मिलाप की झांकियों में कलाकारों ने दिखायी कलात्मक प्रतिभा

आकर्षक प्रस्तुतियों को निहारते रहे श्रद्धालु, मोबाइल में कैद किये यादगार पल

प्रतापगढ़। बेल्हा के ऐतिहासिक भरत मिलाप में आकर्षक और कलात्मक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। विभिन्न चौकियों पर कलाकारों ने अपनी कला और शानदार प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। झांकियों को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। देर रात तक लोग आकर्षक प्रस्तुतियों को निहारते रहे। भरत मिलाप के दौरान सजीव प्रस्तुतियों, आकर्षक वेशभूषा और साज-सज्जा ने आयोजन की भव्यता बढ़ा दी। कलाकारों ने अपनी भाव-भंगिमाओं और अभिनय से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कई श्रद्धालु इन मनमोहक दृश्यों को अपने मोबाइल कैमरों में कैद करते नजर आए। सड़क के दोनों ओर खड़े दर्शकों में झांकियों को लेकर खासा उत्साह रहा। रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाते शहर में धार्मिक आस्था और उत्सव का माहौल बना रहा। ऐतिहासिक भरत मिलाप की कलात्मक झांकियों ने लोगों को आकर्षित करने के साथ आयोजन की सांस्कृतिक परंपरा को भी जीवंत किया।

मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पांच पर मुकदमा

पट्टी, प्रतापगढ़। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के अमरगढ़ गांव में युवक से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गोदलपट्टी निवासी धीरज शर्मा पुत्र हजारी शर्मा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि २० अक्टूबर की सुबह करीब सात बजे अमरगढ़ निवासी आशीष सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, विजय जायसवाल, कृष्णा सोनी पुत्र हजारी सोनी और गोलू जायसवाल पुत्र विजय जायसवाल एक राय होकर पहुंचे। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए लात-मुक्कों से मारपीट की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक जय किशुन यादव को सौंपी है।

एसआईआर निरस्त करने और सीईसी को हटाने की मांग

प्रतापगढ़। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष पम्मी सिंह ने शुक्रवार को राष्ट्रपति को संबोधित मांगों का ज्ञापन कलक्ट्रेट के प्राशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि निर्वाचन आयोग की एसआईआर प्रक्रिया से कई नगरिकों का मताधिकार नहीं रह गया है। इसे निरस्त करना आवश्यक है।

पांच पर मारपीट धमकी का केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। मारपीट एवं धमकी को लेकर पुलिस ने पांच आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बलीपुर कटरा गांव की मालती वर्मा पुत्री गयादीन वर्मा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती बाईस अक्टूबर को खजुरी निवासी सर्वेश यादव एवं गोविन्दपुर इदिलपुर निवासी गोलू वर्मा ने अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसके भतीजे संदीप वर्मा पुत्र गंगाराम वर्मा को मारापीटा एवं जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद पांच आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम ने शीतला माता मंदिर में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और नए आपराधिक कानूनों के बारे में जानकारी दी गयी। टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और सहायता के लिए जारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। वूमेन पावर लाइन १०९०, महिला हेल्पलाइन १८१, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन १०७६, पुलिस हेल्पलाइन ११२, चाइल्ड हेल्पलाइन १०९८, स्वास्थ्य सेवा १०२ एवं १०८ और साइबर अपराध हेल्पलाइन १९३० के बारे में बताया गया। पुलिस टीम ने साइबर ठगी से बचने के उपाय बताते हुए किसी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक संबंधी जानकारी और अन्य गोपनीय विवरण साझा नहीं करने की सलाह दी। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान महिलाओं को थाने में स्थापित महिला हेल्प डेस्क और मिशन शक्ति प्रभारी के सीयूजी नंबर ९४५४४०७३८६ की जानकारी भी दी गयी। टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और उन्हें सुरक्षा संबंधी उपायों के प्रति जागरूक किया।

आस्था और उल्लास के बीच सम्पन्न हुआ बेल्हा का ऐतिहासिक भरत मिलाप

प्रभु श्रीराम-भरत का मिलन देखकर भावुक हुए श्रद्धालु, पूरी रात जगमगाता रहा शहर



भरत चौक पर प्रभु श्रीराम सहित चारों भाइयों की आरती उतारते सीडीओ राम मोहन मीना एवं अन्य।

प्रतापगढ़। आस्था, उल्लास और आपसी भाईचारे के बीच बेल्हा का ऐतिहासिक भरत मिलाप शुक्रवार सुबह सकुशल संपन्न हो गया। श्री रामलीला समिति की ओर से आयोजित इस भव्य आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। रंग-बिरंगी विद्युत सजावट से जगमगाते शहर में रातभर उत्सव का माहौल रहा। आकर्षक चौकियों, भव्य झांकियों और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा।

समिति के पदाधिकारियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती कर रामदल एवं भरत मिलाप की चौकियों का शुभारंभ किया। रथ पर सवार प्रभु श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की झांकियों के दर्शन के लिए श्रद्धालु देर रात तक डटे रहे। शुक्रवार सुबह भरत चौक पर प्रभु श्रीराम और भरत के मिलन का भावुक दृश्य देखकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किये गये थे। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी विभिन्न स्थानों पर मुस्तैद रहे। मुख्य विकास अधिकारी डा. राम मोहन मीणा और अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने प्रभु श्रीराम सहित चारों भाइयों की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य और अध्यक्ष संजय खंडेलवाल ने अतिथियों को अंगवस्त्र एवं मां बेल्हा देवी का चित्र भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, विभाग प्रचारक ओमप्रकाश, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह, सीओ सिटी आशुतोष मिश्रा, सीओ रानीगंज प्रशांत राज हुड्डा, शहर कोतवाल सुभाष यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, समिति पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

भरत मिलाप को लेकर अलर्ट रही पुलिस, ड्रोन से निगरानी

प्रतापगढ़। ऐतिहासिक भरत मिलाप पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रतापगढ़ पुलिस अलर्ट रही। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये। पर्व के दृष्टिगत शहर के घंटाघर चौराहा, मेला क्षेत्र सहित प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। साथ ही ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी निगरानी की गई, ताकि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी जा सके। पुलिस अधिकारियों और जवानों को सतर्क रहने के निर्देश दिये गये। पुलिस ने पर्व के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की।

सूचना

मेरे कुछ सरकारी एवं निजी दस्तावेजों में मेरा नाम बबरुद्दीन (BABRUDDIN) दर्ज है। मैंने अपना नाम बदलकर बदरुद्दीन खान (BADRUDDIN KHAN) रख लिया है। भविष्य में मुझे सभी सरकारी, गैर-सरकारी एवं अन्य दस्तावेजों में बदरुद्दीन खान के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए। बदरुद्दीन खान पुत्र रुकुमुद्दीन खान, ग्रा०-शिवसत, पो०-दादूपुर मुफरिद, तहसील-रानीगंज, जिला-प्रतापगढ़।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालयः-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड प्लॉट नंबर-23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

नीचे दिए गए उधारकर्ताओं ने आईसीआईसीआई बैंक से ली गई लोन सुविधा के तहत मूलधन और ब्याज का भुगतान करने में चूक की है। इन लोन को नॉन-परफॉर्मिंग एसेट (एनपीए) के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। उन्हें सिक्योरिटाइज़ेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 की धारा 13(2) के तहत उनके आखिरी ज्ञात पते पर एक नोटिस भेजा गया था। हालाँकि, यह नोटिस उन तक नहीं पहुँच पाया, इसलिए उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के ज़रिए सूचित किया जा रहा है।

क्र.सं.	कर्जदारों/सह-कर्जदारों/गारंटीदाता का नाम/(ऋण खाता संख्या) एवं पता	सिक्योर्ड सम्पत्ति/प्रवर्तित की जाने वाली सम्पत्ति का विवरण	प्रेस नोटिस की तिथि/नोटिस की तिथि को बकाया धनराशि	एनपीए दिनांक
1.	ए.के. इंटरप्राइजेज/मोहम्मद जावेद खान/नजमा बानो खाता संख्या 081205003386/ प्रतिनिधि मालिक मोहम्मद जावेद खान 01, छितपालगढ़ नवापुर प्रतापगढ़-230402	गटा नंबर 45 मिन, 015 किशनपुर राय, ग्राम 0001 बराईपुरनवार नगर, रतापुर परगना तहसील, रायबरेली 229001 उत्तर प्रदेश में स्थित है, जिसके मालिक मोहम्मद जावेद खान हैं। (क्षेत्रफल 190 वर्ग मीटर है: उत्तर: मौलाना गफ्फार का घर, दक्षिण: शमीम कुरैशी का घर, पूर्व :शमशुद्दीन का प्लॉट, पश्चिम: 20 फीट चौड़ी सड़क)।	24/09/2026 रु. 74,82,345.54/-	03-08-2026

यह कदम नोटिस की सबस्टिट्यूटेड सर्विस (वैकल्पिक तामील) के लिए उठाए जा रहे हैं। ऊपर बताए गए उधारकर्ता/गारंटर (जैसा भी मामला हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के पब्लिश होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया पेमेंट कर दें। ऐसा न करने पर, सिक्योरिटाइज़ेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दिनांक :-24 अक्टूबर, 2026
स्थान :-लखनऊ और रायबरेली और प्रतापगढ़ (प्रयागराज)

अधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड